'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2017-18
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 15.01.2018
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 23354841-42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 21 ● अंक 4 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 1 से 15 जनवरी, 2018

आरक्षण बचाओ रैली दिल्ली में सम्पन्न

परिसंघ के बैनर तले लाखों की संख्या में दलित हुए एकत्रित

जब तक अधिकार नहीं मिलते, संघर्ष जारी रहेगा : डॉ. उदित राज

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर 2017।

अनुसूचित जाति/ जनजाति /पिछड़ा वर्ग संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज के नेतृत्व में दिल्ली के रामलीला मैदान में आरक्षण बचाओ महा रैली सम्पन्न हुई। जिसमें दलितों-आदिवासियों और पिछड़ों सहित लाखों की संख्या में समर्थकों ने भाग लिया। बड़ी रैलियां करने का परिसंघ का अपना एक इतिहास रहा है, लेकिन यह रैली स्वयं में इतनी बड़ी थी कि अब तक हुई सभी रैलियों के रिकॉर्ड टूटते हुए नजर आए। रैली के कारण कई घंटे तक रामलीला मैदान के आस-पास का क्षेत्र ही नहीं बल्कि शहर की मुख्य सड़के जाम रहीं। इस बार रैली 26 दिसंबर 2017 को आयोजित की गयी थी। इसके पहले 23, 24 एवं 25 दिसंबर को छुट्टी होने के कारण सुदूर राज्यों से आने वाले लोग 23 दिसंबर से ही डॉ. अम्बेडकर भवन, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली पर एकत्रित होना शुरु हो गए और 27-28 दिसंबर तक जमे रहे। डॉ. अम्बेडकर भवन में जगह कम पड़ रही थी तो पीछे के पूरे मैदान में टेंट लगाकर लोगों के ठहरने का इंतजाम किया गया। इस बार की रैली में लगभग 8 हजार लोग डॉ. अम्बेडकर भवन में ही ठहरे और खाने-पीने की व्यवस्था की गयी। जब इन लोगों ने डॉ. अम्बेडकर भवन से रामलीला मैदान की तरफ कूच किया तो सड़क पर अन्य वाहनों को कई घंटों तक मौका ही नहीं मिला।

अपार जन समूह को संबोधित करते हुए डॉ. उदित राज

26 दिसंबर को रामलीला मैदान ही नहीं बल्कि उसके आस-पास की सभी सड़कें उस दिन नीली हो गयी थी। जहां भी नजर दौड़ाओ चारों तरफ परिसंघ के ही झंडे और टोपियां नजर आ रही थी। इसी प्रकार की रैलियां और प्रदर्शन यदि सभी प्रदेशों की राजधानियों में पहले ही करके अपनी ताकत दिखायी गयी होती तो निश्चय ही अभी तक कुछ हरकत सरकारों में जरूर हुई होती।

परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार निजीकरण की आड़ में आरक्षण को समाप्त किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। पिछड़े और दलित हजारों वर्षों से शोषित और वंचित रहे हैं। आज हम आज़ाद भारत में रह रहे हैं लेकिन इन वर्गों की जिन्दगी में विशेष परिवर्तन नहीं हो सका है। यह दुर्भाग्य है कि भारत में सामाजिक स्तर पर ही नहीं बल्कि आर्थिक क्षेत्र में भी सर्वाधिक असमानता है। जो अमीर हैं वह अमीर होते जा रहे हैं और बहुमत में लोग या तो बेरोजगार हैं या ठेके पर कम से कम वेतन पर काम कर रहे हैं। सरकारी विभाग में रेस लगी है कि रोजगार एवं काम को ठेका पर दे दिया जाये या आउटसोर्स कर दें। इसका सबसे ज्यादा प्रतिकूल असर दलित-आदिवासी और पिछड़ों पर पड़ा है। कोई भी जनतांत्रिक सरकार हो, यह मान कर चला जाता है कि उसका चरित्र कल्याणकारी होगा और प्राथमिकता सबसे ज्यादा अपने नागरिकों को रोजगार देने की है।

डॉ. उदित राज ने विशाल रैली में बोलते हुए कहा कि आरक्षण को विकास का अवरोध माना जाता है जबकि यह गलत है । मद्रास में आरक्षण 1921 में, मैसूर और त्रावणकोर में 1935 और कोल्हापुर रियासत में 1902 में लागू हुआ और ये राज्य उत्तर भारत के राज्यों की तुलना में विकास के कई सूचकांक में आगे हैं। अब समय आ गया है कि तथाकथित सवर्ण भाई और बहन विचार करें कि हम भी उन्ही के समाज का हिस्सा हैं। जैसे अश्वेतों के साथ अमेरिका में गोरों ने किया। इनकी विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी से देश प्रगति करेगा। यह कभी नहीं संभव है कि लगभग 20 प्रतिशत आबादी की क्रय-शक्ति के बल पर उत्पादन और मांग को बढ़ाया जा सकता है। इन लोगों को आरक्षण दिया जाता है तो आय बढ़ेगी और क्रय शक्ति भी। जब वस्तु और सेवा की मांग बढ़ेगी तब कुल घरेलू सकल उत्पाद में उछाल आएगा और व्यापारियों को भी फायदे होंगे। जो मेरिट की मिथ्या है कि आरक्षण से निकम्मापन का जन्म होता है वह गलत है। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. अश्वनी देश पाण्डे ने अमेरिका की मिशिगन यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर एक शोध किया कि आरक्षण से सरकार में क्या असर पड़ता है तो पाया कि प्रतिकूल तो कतई नहीं लेकिन जहाँ दलित-आदिवासी कर्मचारी ज्यादा थे वहां उत्पादकता में इज़ाफा ही हुआ है। इस परिप्रेक्ष्य में यह बिलकुल उचित है कि निजी क्षेत्र में आरक्षण दिया जाए । डॉ. उदित राज ने संसद में निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए प्राइवेट मेम्बर बिल पेश किया है और सरकार से अनुरोध है कि उसे सरकारी बिल में परिवर्तित करके कानून बनाया जाये ताकि निजी क्षेत्र में आरक्षण दिया जा सके।

निजीकरण की शुरूआत से अजा/जजा वर्ग के लोग शासन-प्रशासन से ही नहीं, परन्तु आर्थिक और शिक्षण क्षेत्र में भी वंचित हो रहे हैं। इस वंचित होने का एक अहम कारण देश की न्याय प्रणाली है। बेरहमी से विधायिका द्वारा प्रदान किए गए अधिकारों को न्यायपालिका छीन लेती है। उदाहरण के तौर पर 81वां, 82वां एवं 85वां संवैधानिक संशोधन वाजपेयी सरकार लायी थी। 85वां संवैधानिक संशोधन पदोन्नति में आरक्षण के लिए किया गया था, जिसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गयी और 2006 में इसका निर्णय आया जो नागराज केस के नाम से जाना जाता हैं। पांच जजों की पीठ ने इस संवैधानिक संशोधन को वैध माना था लेकिन इसमें कुछ अनुचित शर्तें भी

शेष पृष्ठ 2 पर

रैली में डॉ. उदित राज के साथ खड़ी उनकी पत्नी श्रीमती सीमा राज व उनके दाएं आर-के. कलसोत्रा, सीताराम बंसल व अन्य एवं बाएं नरेन्द्र चौधरी, परम हंस प्रसाद, सामूभाई वाधेला, सविता कदियान पवार, सत्य प्रकाश जरावता, इंजीनियर जुगल किशोर वाधेला, संजय कांबले, पी.बाला. के. महेश्वर राज, एस. करुपइया, सिद्धार्थ भोजने, तरसेम सिंह बास, वाई.के. आनंद, बाबू लाल व पिछली पंक्ति में शिवचर पासवान, ज्ञान सिंह, जी.आर. नायक, उत्पल कुलकर्णी, हर्ष मेश्राम, अशोक लोहेरिया, साधु सिंह व अन्य

पृष्ठ 1 का शेष

आरक्षण बचाओ रैली .....

लगा दी थी, जैसे – पर्याप्त प्रतिनिधित्व की जांच, पिछड़ापन और प्रशासनिक दक्षता पर असर न पड़ता हो। जहां तक पिछड़ेपन का सवाल है, यह तभी साबित हो जाता है, जब अजा/जजा वर्ग के लोगों को संविधान की धारा 341 और 342 के तहत लाया जाता है, जिसका परीक्षण भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग द्वारा किया जाता है। भारत सरकार में लगभग 150 सचिव हैं जिसमें 2-4 ही दलित और पिछड़े समाज से होंगे तो प्रतिनिधित्व की बाहुल्यता क्या भारी कमी है। दिसम्बर 2012 में राज्यसभा में पदोन्नति में आरक्षण देने के लिए बिल पास हुआ लेकिन लोकसभा में असफल रहा । आज की रैली में प्रस्ताव पास किया गया कि सरकार इसी सत्र में बिल लाकर के पास करे ताकि पदोन्नति में आरक्षण की सारी अड़चने दूर की जा सकें।

ठेकेदारी प्रथा की वजह से मजदूरों का शोषण बेइंतहा होता है। अध्यापक, कर्मचारी, चपरासी और मजदूर कोई भी हो। निजी क्षेत्र में नकदी द्वारा वेतन और मजदूरी दी जाती है। जो कागज में तो पूरा दिखाया जाता है परन्तु वेतन का भुगतान आधा-अधूरा ही किया जाता है। ऐसे में सरकार द्वारा चेक या डिजिटल भुगतान से शोषण रुकेगा और इसका सर्वाधिक लाभ दलित आदिवासियों को मिलेगा ।

रैली को विभिन्न प्रदेशों से आए परिसंघ के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

परिसंघ की प्रमुख मांगे :-

1. पदोन्नति व निजी क्षेत्र में आरक्षण
2. सरकारी नौकरी में ठेकेदारी प्रथा एवं आउटसोर्सिंग बंद किया जाये
3. अनुसूचित जाति योजना एवं जन जाति उप योजना कानून बनाओ
4. आरक्षण कानून बनाओ
5. सेना और उच्च न्यायपालिका में आरक्षण ।
6. बैकलॉग पदों को भरने हेतु विशेष भर्ती अभियान
7. समान शिक्षा एवं भूमिहीनों को भूमि
8. एक राज्य का जाति प्रमाण-पत्र सभी राज्यों में मान्य हो
9. महंगाई की दर से छात्रवृत्ति में बढ़ोत्तरी
10. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन और उसमें आरक्षण
11. जम्मू व कश्मीर में धारा 370 हटाया जाए और आरक्षण लागू हो
12. दिल्ली में 20 सूत्रीय कार्यक्रम में आवंटित भूमि का मालिकाना हक
13. बैंक की प्रत्येक शाखा दलित-आदिवासी को लोन दें ताकि स्टैंड अप इंडिया सफल हो ।
14. प्रक्युमेंट पालिसी को सही मायने में लागू किया जाये ।
15. एससी/एसटी हब को लागू किया जाये ।
16. रेहड़ी पटरी वालों को कारोबार के लिए जगह दी जाये ।

रैली को सफल बनाने हेतु जिन प्रमुख लोगों ने योगदान दिया वे हैं –

दिल्ली से ओम प्रकाश सिंघमार, परमेन्द्र, सबीर खान, विजेंद्र यादव, एम.एस. लाकरा, देवी सिंह राणा, एन.डी. राम, संजय राज, सी.पी. सोनी, डॉ. राज पाल, सत्य नारायण, इन्द्रेश सोनकर, भानू पुनिया, रविन्द्र सिंह, वाई. के. आनंद, आर. एस. हंस, हरि प्रकाश, बाबू लाल, राम कुमार, सागर यादव, एस.पी. वर्मा, सुदेश यादव, मनीष सुर्यवंशी, मुकेश कुमार, दयानन्द, महेन्द्र सिंह, करम चंद, दयाराम, रविन्द्र काटारिया, खेम चंद, विनोद राजौरा, सत प्रकाश, अशोक कुमार, विजेन्द्र सिंह, बाबू लाल, एम. आर. चौधरी, धरम सिंह, बी. पी. सिंह, ओम कार सिंह, डॉ. आर.के. गोविल, देवेन्द्र, विजय, सुशील खटीक, सुमित कुमार, मदन लाल, कौशलेन्द्र कठेरिया, राम नाथ, फकीर चंद, आर. के. वरुण, हेंमत कुमार (आईजीएल), संजीव दोहरे, शशांक, डॉ. एस.एल. सागर, विजय केन, संजय, प्रदीप (भीम आर्मी), तरसपाल तोमर, कलीराम तोमर, जय कुमार, रामनिवास चंद्रवशी, आनन्द, हरिदास वाल्मीकी, मुकेश पहलवान, डॉ. चांद राम आर्या, राम विलास राम, बाबू लाल बूसवाला, धरम पाल भिलवारे, चून्नी लाल, अशोक अहलावत, अशोक लुहेरा, भुपेन्द्र सिंह किरार, बुद्ध रतन,

परिसंघ महिला प्रकोष्ठ से सविता कादियान पंवार, सुनीता केन, सुनीता गोला, उर्मिला कच्छप, संगीता रवि, उषा मधुसूदन, ममता गेडाम, फुलमती, राजकुमारी, सुनीता केन हरियाणा, सरिता सिंघल, महालक्ष्मी, रिंकी सागर, रजनी डांगी, पुष्पा कोली, आशा वर्मा, रेनु सैनी, रेखा, रिटा सरकार, रमा, ललिता, डॉ. रूचिता पाल, कमलेश कुमारी, अंजुम खान, बाबीता किलसन, गीता आसिवाल, गौरी अभीपुरिया, ममता राणी, सैफाली, डॉ. डी. सी. बरूवा,

हरियाणा से सत्यप्रकाश जरावता, विश्वनाथ, महासिंह भूरानिया, सत्यवान भाटिया, राजेंदर जोगपाल, राजेंदर कुमार, डॉ. शिवकुमार, महेश दत्त, वजीर सिंह मेहरा, राजकुमार, डॉ. मुख्तियार सिंह, साधू सिंह, आशीष भुकल, प्रो. रवि महेंद्र, सुनीता कैन, दिलीप जाटव,

उत्तर प्रदेश से सुशील कमल, नीरज चक, आर.के वर्मा, डी.के सिंह, कल्पेंद्र भारती, राजेश वर्मा, नरेश राज, जय प्रकाश, बलराम चक, भोजराज, हरी किशन भारती,

छत्तीसगढ़ से हर्ष मेश्राम, प्रदीप सुखदेवे, सी.आर. जगडे,

महाराष्ट्र से सिद्दार्थ भोजने, संजय काम्बले, सुनील जोडे, चंद्रशेखर डोंगरे, उद्धव मूले, जीवन रामटेके, जुगल किशोर बघेल, जी.एल बलाई, हर्षवर्धन दवने, बालाजी कोंडामंगल, रवि सुर्यवंशी, संघरत्न निवडंगे, अजित काम्बले, स्वप्निल काम्बले, प्रो. सतिश वागरे, गणेश येरेकर, प्रकाश दीपके, मंगेश गाडगे, अभिजीत वाघमारे, दिनेश भगत, अक्षय मनवर,

कर्नाटक से जे. श्रीनिवालू, थिप्पेस, संतोष लोहार, शिव काम्बले, सुनील वाघमारे, प्रकाश भंगरे, उत्तर सुतार,

तमिलनाडु से एस. करुपइया, डी. रविचंद्रन, के रविचंद्रन, पी.एन. पेरुमल, श्रीनिवासन, सी.टी प्रभाकरन

वेस्ट बंगाल से पी. बाला, सुब्राता बातुल, सदन नस्कर, मनीमोहन बिश्वास, हरी भाई, सचित कुमार दास,

जम्मू-कश्मीर से आर.के कल्सोत्रा, बी.एल भारद्वाज, नाज़िर चौधरी,

पंजाब से तरसेम सिंह घारू, रोहित सोनकर, नरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह,

केरला से के.टी जोंसन, श्रीमती जोसफ,

मध्य प्रदेश से परम हंस प्रसाद, विपिन टोप्पो, नरेन्द्र चौधरी, आशीष रायपुरिया, एच.आर चौहान, सुरेश कुमार राजौरा, जी.पी. नन्हेट बौद्ध, प्रताप सिंह अहिरवार, सचिन पटेल, राजेन्द्र नरगांवे, प्रकाश अहिरवार, बंटी अहिरवार, सुशील बरखने, दिनेश कुमार,

उत्तराखंड से विजय राज अहिरवार, हीरा लाल, सी. पी सिंह, महावीर सिंह, नीतीन लामीयान,

गुजरात से रामूभाई वाघेला, उत्पल कुलकर्णी, एन.जे परमार, बाबूलाल खटीक,

आंध्र प्रदेश से बी दास,

तेलंगाना से के. महेश्वर राज,

ओडिशा से आलेख मलिक, दिलीप कुमार बेहेरा, नारायण दास, जी.आर. नायक, प्रबीर पात्रो, अभिराम नायक, सोनू अनुगु,

हिमाचल प्रदेश से सीताराम बंसल, विकासदीप,

मणिपुर से मधुचन्द्र, रेव लंघू हिलेरी,

झारखण्ड से मधुसूदन कुमार, वेल्फ्रेड केरकेट्टा, जगाराम, पंकज पासवान, उर्मिला कछप, संगीता रवि, डी.पी. लाला, अनिल कुमार,

बिहार से मदन राम, शिवधर पासवान, शिवपूजन, भागीरथी राम, अजय पासवान, अमर ज्योति, विकास कुमार,

राजस्थान से मुकेश मीना, एम.एल रासु, पंचम राम, नन्दलाल बौद्ध, सौरभ महामना, चिरंजीलाल, मनोहर लाल सामरिया, राजेश लोहिया, लक्ष्मण मीणा, लोकेश मेघवाल, रमेश चौहाण, अशोक कुमार, छगन।

***

ये है चमार रेजीमेंट, जिसने लड़ी सबसे खूंखार लड़ाई

ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और मराठा संघ के पेशवा शासकों के बीच 1818 में हुए भीमा कोरेगांव युद्ध को दलित अपनी अस्मिता के साथ जोड़ते हैं। क्योंकि उस समय अछूत समझे जाने वाले महार समुदाय के लोग कंपनी की फौज में सैनिक थे। इसी जीत की 200वीं सालगिरह के दौरान पुणे के भीमा कोरेगांव में हुए विवाद में अब पूरा महाराष्ट्र सुलग रहा है। लेकिन क्या आपको पता है कि अंग्रेजों की सेना में एक चमार रेजीमेंट भी थी। जिसे सबसे शक्तिशाली मानी जाने वाली जापानी सेना से लड़ने के लिए भेजा गया था। दलितों की बहादुरी का जो नमूना महारों ने दो सौ साल पहले दिखाया था, उसे चमार रेजीमेंट में भी देखा जा सकता था। दूसरे विश्वयुद्ध के समय अंग्रेज सरकार ने थलसेना में चमार रेजीमेंट बनाई थी, जो 1943 से 1946 यानी सिर्फ तीन साल ही अस्तित्व में रही।

चमार रेजीमेंट का इतिहास

'चमार रेजीमेंट और उसके बहादुर सैनिकों के विद्रोह की कहानी उन्हीं की जुबानी' नामक किताब के लेखक सतनाम सिंह बताते हैं कि कोहिमा में चमार रेजीमेंट ने अंग्रेजों की ओर से 1944 में जापानियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। यह इतिहास की सबसे खूंखार लड़ाईयों में से एक थी। उस वक्त दुनिया की सबसे ताकतवर सेना जापान की मानी गई थी। जापान को हराने के लिए अंग्रेजों ने इसका इस्तेमाल किया। कोहिमा के मोर्चे पर इस रेजीमेंट ने सबसे बहादुरी से लड़ाई लड़ी। इसलिए इसे बैटल ऑफ कोहिमा अवार्ड से नवाजा गया था।

चमार रेजीमेंट थी तो उसे क्यों खत्म किया गया

चमार रेजीमेंट को बहाल करने की मांग करने वाले दलित नेता आरएस पूनिया बताते हैं कि एक वक्त ऐसा आया जब अंग्रेजों ने चमार रेजीमेंट को प्रतिबंधित कर दिया था। अंग्रेजों ने इसे आजाद हिंद फौज से मुकाबला करने के लिए सिंगापुर भेजा। रेजीमेंट का नेतृत्व कैप्टन मोहनलाल कुरील कर रहे थे। कैप्टन कुरील ने देखा कि अंग्रेज चमार रेजीमेंट के सैनिकों के हाथों अपने ही देशवासियों को मरवा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने इसको आईएनए में शामिल कर अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध करने का निर्णय लिया। तब अंग्रेजों ने 1946 में इस पर प्रतिबंध लगा दिया।

अंग्रेजों से युद्ध के दौरान चमार रेजीमेंट के सैकड़ों सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी। कुछ म्यांमार व थाईलैंड के जंगलों में भटक गए। जो पकड़े गए उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया। कैप्टन मोहनलाल कुरील को भी युद्धबंदी बना लिया गया। जिन्हें आजादी के बाद रिहा किया गया। वह 1952 में उन्नाव की सफीपुर विधान सभा से विधायक भी रहे। इस रेजीमेंट के दो सैनिक अभी जिंदा हैं। ये हैं हरियाणा के महेंद्रगढ़ के चुन्नीलाल और सोनीपत के धर्मसिंह।

क्या बहाल हो पाएगी यह रेजीमेंट

आजादी के बाद से ही चमार रेजीमेंट बहाल किए जाने की आवाज कई बार उठाई गई, लेकिन आवाज दबकर रह गई। दलित इस रेजीमेंट को बहाल करने के लिए कई राज्यों में प्रदर्शन कर चुके हैं। अब इसके लिए कानूनी लड़ाई लड़ी जा रही है। दलित नेता कहते हैं कि इसे बहाल किया जाय। इसे लेकर पिछले दिनों राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने संज्ञान लिया था। आयोग के तत्कालीन सदस्य ईश्वर सिंह ने रक्षा सचिव को नोटिस जारी किया था। जिसमें पूछा गया था कि आखिर इस रेजीमेंट को किन कारणों से बंद किया गया। ईश्वर सिंह का कहना है कि दलित किसी भी विषम परिस्थिति में रह लेता है। उतनी कठिनाई में शायद ही कोई और जीवन व्यतीत करता हो, फिर भी इनकी रेजीमेंट सेना में बहाल क्यों नहीं की जा रही है। बीजेपी अनुसूचित मोर्चा से जुड़े दलित नेता शान्त प्रकाश जाटव ने अक्टूबर 2015 में केंद्र सरकार से इस रेजीमेंट की बहाली की मांग की थी। उनका दावा है कि इसी मांग पर नवंबर 2015 में तत्कालीन रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने लिखा था कि 'मामले की जांच करवा रहा हूं'।

रेजीमेंट पर लिखी गई है किताब

हवलदार सुलतान सिंह ने 'चमार रेजीमेंट और अनुसूचित जातियों की सेना में भागीदारी' शीर्षक से किताब लिखी। दूसरी किताब सतनाम सिंह ने 'चमार रेजीमेंट और उसके बहादुर सैनिकों के विद्रोह की कहानी उन्हीं की जुबानी' नाम से लिखी। इस समय सेना में मराठा लाइट इन्फेंट्री, राजपूताना राइफल्स, राजपूत रेजिमेंट, जाट रेजिमेंट, सिख रेजिमेंट, डोगरा रेजिमेंट, नागा रेजिमेंट, गोरखा रेजीमेंट हैं।

जेएनयू में रिसर्च

'ब्रिटिश कालीन भारतीय सेना की संरचना में चमार रेजीमेंट एक ऐतिहासिक अध्ययन' विषय पर जेएनयू के मॉडर्न हिस्ट्री डिपार्टमेंट में रिसर्च चल रहा है। रिसर्चर सतनाम सिंह का दावा है कि यह रेजीमेंट भी उतनी ही बड़ी थी जितनी और जातियों के नाम पर बनी रेजीमेंट।

https://hindi.news18.com/news/delhi/do-you-know-the-history-of-chamar-regiment-of-dalit-fighters-battle-of-koregaon-1218393.html?utm_source=Facebook&utm_medium=Social&utm_campaign=Facebook_HIN

भारत में नहीं थी जाति व्यवस्था और नहीं था कोई चाणक्य - मेगस्थनीज की पुस्तक इंडिका से खुलासा

जन उदय : भारत में जातिवाद पूर्ण रूप से ब्राह्मणों के षड्यंत्र के रूप में विकसित हुई क्योंकि इसका विवरण भारत के पौराणिक इतिहास में कही नहीं मिलता बल्कि इसका प्रमाण ब्राह्मण अपने ग्रंथो में जो दिखाते हैं, वह तकनीकी और वैज्ञानिक रूप से बोगस है और झूठ है। अपने आपको सर्वश्रेष्ठ और भगवान का प्रतिनिधि बना कर पेश करना और सबसे ज्यादा अधिकार अपने पास रखना और धार्मिक ग्रंथों की रचना कर उनके माध्यम से अपने आपको सभी लोगों पर अत्याचार करने का अधिकार खुद को ले लेना, ये सब षड्यंत्र के रूप में ही सामने आये। इनके द्वारा लिखे गए रामायण, महाभारत झूठे और काल्पनिक ग्रन्थ हैं। अब सवाल आता है भारत में एक वर्ग द्वारा फैलाई जा रही भ्रान्तियों के बारे में। यानी रामायण और महाभारत कभी इस देश में हुए या नहीं या ये सिर्फ कोरी कल्पना है। इतिहास ने भी विज्ञान के नियमों को अपनाया है और इतिहास का लेखन वास्तुनिष्ठ सामग्री पर लेखन के लिए ही जोर डाला गया है, और जब हम वास्तुनिष्ठ सबूतों या सामग्री की बात करते हैं तो उस पर रामायण और महाभारत खरी नहीं उतरती। आइये देखें कि कैसे कहानी रामयाण और महाभारत एक एपिक की तरह लिखे गए जिसका मकसद सिर्फ और सिर्फ एक राजनीतिक षड्यंत्र तैयार करना था जिसका पहला उदाहरण है।

1. कोई भी वास्तु, शिल्प सबूत नहीं : हर राजा, महाराजा, अपने लिए महल बनवाता है, भवन बनवाता है, बाग बगीचे बनवाता है और इन इमारतों को वह कुछ खास तरीके से बनवाता है, यानी हम अगर सम्राट अशोक का इतिहास देखें तो हमें सभी प्रकार के सबूत मिलते हैं। वास्तु भी और शिल्प भी लेकिन रामायण और महाभारत के इन अभिनेताओं का कुछ भी नहीं मिलता, कुछ संगठनों का कहना है की मंदिर मिले हैं भगवान के, तो कोई इनसे पूछे क्या भगवान इन्हीं मंदिरों से शासन करते थे ?

2 . हर शासक, राजा, महाराजा अपने शासन काल में अपने सिक्के, यानी व्यापार के लिए सिक्के, मुद्रा चलवाता है, जो निश्चित तौर पर उसकी सीमा और विदेश सीमा यानी उसके शासन के बाहर भी खुदाई में मिलते हैं लेकिन रामायण, महाभारत काल का ऐसा कुछ भी नहीं मिलता।

3. विदेशो से सम्बन्ध एक राजा के लिए बहुत जरूरी होते हैं, युद्ध भी होते है संधिया भी होती है लेकिन इन दोनों काल के, यानी रामायण और महाभारत काल का ऐसा कुछ भी सबूत नहीं मिलता।

4. विदेशों से व्यापार, यात्रियों के लिए धर्मशाला, सुरक्षा व्यवस्था, बाग बगीचे, सराय, ये सब भी बनवाते रहे हैं लेकिन इन दोनों काल का कुछ भी नहीं मिलता।

5. संस्कृति कला – किसी भी इतिहास में या शासन में अपनी कला और संस्कृति जन्म लेती है, लेखक, कवि आदि जन्म लेते हैं लेकिन न तो किताबों के स्तर पर कुछ मिलता है न ही शिल्प, पेंटिंग, नक्काशी, वाल राइटिंग, वाल कार्विंग, भित्ति चित्र आदि। इस काल का कुछ भी नहीं मिलता।

6. कालखंड : सबसे बड़ी बात होती है कि कोई भी घटना किसी कालखंड में ही होती है यानी उसका अपना एक समय होता है लेकिन इन ग्रंथो का कोई भी कालखंड नहीं है। कहने को तो हर धार्मिक संगठन अपनी-अपनी दलील देता रहता है, कोई कुछ काल बताता है तो कोई कुछ इसके अलावा जो ग्रन्थ या किताबें मिली हैं, उनकी भी कार्बन डेटिंग से कोई सबूत नहीं मिलता कि ये ग्रन्थ बहुत पुराने हैं, बल्कि इसमें भी घपला है। सो विज्ञान धारणा या कल्पना से शुरू हो सकता है लेकिन हमने उड़ने की कल्पना की लेकिन उड़े कैसे ? इसलिए वैज्ञानिक कोई भी तथ्य आज तक नहीं है और न ही आएगा। खैर यहां पर बात चल रही है जातिवाद की तो हम यहां पर किसी भारतीय ग्रन्थ के माध्यम से नहीं बल्कि एक विदेशी सैलानी मेगस्थनीज के माध्यम से ही समझेंगें कि भारत में जातिवाद या जाति का अस्तित्व ही नहीं था। मेगस्थनीज (350 ईसापूर्व – 290 ईसा पूर्व) यूनान का एक राजदूत था जो चन्द्रगुप्त के दरबार में आया था। यूनानी सामंत सेल्यूकस भारत में फिर राज्य विस्तार की इच्छा से 305 ई. पू. भारत पर आक्रमण किया था, किंतु उसे संधि करने पर विवश होना पड़ा था। संधि के अनुसार मेगस्थनीज नाम का राजदूत चंद्रगुप्त के दरबार में आया था। वह कई वर्षों तक चंद्रगुप्त के दरबार में रहा। उसने जो कुछ भारत में देखा, उसका वर्णन उसने 'इंडिका' नामक पुस्तक में किया है। इंडिका में मेगस्थनीज ने भारत में यानी चन्द्रगुप्त के समय में समाज में सात वर्ग बताये। यह बात ध्यान में रहे मेगस्थनीज ने सात वर्ग की बात की है। पहला वर्ग इसमें एक पुरोहित वर्ग बताया जो लोगों को पूजा कराता था और लोगों के पैसे से या समान से अपना जीवन चलाता था लेकिन वह सबसे ऊपर था, ऐसा बिलकुल नहीं था, बल्कि इसको कार्य करने से रोका जा सकता था और वही आदमी फिर समान्य वर्ग में आ जाता था। दूसरा वर्ग किसान का था जो खेती करते थे, तीसरा ग्वाले, का था जो लोग भेड़ बकरियां चराते थे, चौथा वर्ग दुकानदार और शिल्पकारों का था जो दुकान चलाते थे। ये लोग टैक्स अदा करते थे। पांचवा वर्ग सैनिकों का था और सबसे बड़े और इज्जतदार लोग यही होते थे। ये लोग युद्ध करते थे और शांतिकाल में आराम करते थे। छंठा वर्ग सुपरवाइजर का था जो देश समाज में हो रहे हर काम पर निगरानी रखते थे और इन कामों के बारे में राजा को जानकारी देते थे। सातवां और अंतिम वर्ग मंत्रियों का था जो राज्य से सम्बन्धित हर कार्य में राजा से मंत्रणा करते थे और नीतियां बनाते थे। मेगस्थनीज ने एक ही परिवार और वंश में पैदा हुए लोगों को हर तरह के काम करते देखा। यानि कोई भी वेग निश्चित और स्थाई नहीं था। बल्कि योग्यता के अनुसार अपने व्यवसाय को चुन सकते थे। अब चूंकि मेगस्थनीज 3 बी सी में था और जाति नहीं थी तो ब्राह्मण कैसे कामयाब हो गए। इस तरह के समाज का निर्माण करने में और सबसे बड़ी बात की ब्राह्मण ग्रन्थ जिस किसी चाणक्य नाम के विद्वान की बात करते हैं और यह जताते हैं की मौर्य साम्राज्य की स्थापना में उसका बड़ा हाथ था। दरअसल मेगस्थनीज ने जब दरबार का वर्णन किया तो उसमें भी चाणक्य नाम का कोई व्यक्ति नहीं है, यानि यह भी एक काल्पनिक किरदार है। वैज्ञानिक रूप से यह बात प्रमाणित है की ब्राह्मण विदेशों से आए, घुमन्तु लोग थे और यहां आकर इन्होंने शरण मांगी जो इन्हें दे दी गई। इन्होंने कई बार इस देश और समाज से गद्दारी करने की कोशिश की लेकिन ये लोग 18 बी सी में कामयाब हो गए। परशुराम / पुष्यमित्र शुंग इसे ब्राह्मण भगवान् भी मानते हैं, क्योंकि इसने मौर्य साम्राज्य को धोखे से समाप्त कर ब्राह्मण शासन स्थापित किया। इसने अशोक के पोते ब्रहद्रथ को धोखे से मार दिया था और लाखों बौध्द लोगों की हत्या की और चौरासी हजार बौध्द विहारों को तोड़ मंदिरों में बदल दिया। यह बात याद रहे कि इससे पहले मंदिर नहीं थे लेकिन लोगों के कुल देवी-देवताओं के पूजा गृह थे। इसके बाद इन्होंने जातिवाद यानी अपने आपको सर्वश्रेष्ठ रखने के लिए ऐसे ग्रंथो की रचना की, जिनके जरिये देश में असमानता, बर्बरता, आज भी बरकरार है, और इसी कारण देश का सबसे बड़ा वर्ग तरक्की नहीं कर पाया शिक्षित नहीं हो पाया और यही कारण है देश की बदहाली का। .

http://januday.co.in/NewsDetail.aspx?Article=10449

***

मुगलों के समय कैसे मनाया जाता था क्रिसमस?

आर.वी. स्मिथ

दिल्ली समेत दूसरे शहरों और उनके होटलों में क्रिसमस का जश्न मनाया जाता है। आज की पीढ़ी को यह जानकर हैरानी होगी की मुगल शासक भी क्रिसमस मनाते थे। औरंगजेब और कुछ कठपुतली राजाओं को छोड़ दिया जाए तो अकबर से लेकर शाह आलम तक के मुगल शासकों ने क्रिसमस मनाया है। मध्ययुगीन यूरोप में क्रिसमस का जन्म हुआ था लेकिन उत्तर भारत में इसकी शुरुआत अकबर के समय हुई जिसने एक पादरी को आगरा में अपने राजदरबार में आमंत्रित किया था।

मुगलकाल में आगरा पूर्व का सबसे आलीशान शहर था। दिवंगत लेखक थॉमस स्मिथ ने कहा था कि जो भी यूरोपवासी इस जगह पर आता था वो इसकी गलियों की चकाचौंध, व्यापार की समृद्धि और हार की तरह महलों के साथ सजी यमुना नदी की खूबसूरती को देखकर प्रभावित हो जाता था। वह कहते थे, यह एक महानगर था जिसमें इटली के सुनार, पुर्तगाल और डच के जहाज के मालिक थे। फ्रांस के पर्यटक, व्यापारी और मध्य एशिया एवं ईरान के कारीगरों समेत मध्य पूर्व के विद्वान आगरा का दौरा करते थे। इतने विदेशियों के होने के कारण उन दिनों क्रिसमस एक बड़ी चीज हुआ करता था। फ्रांसिस्कन एनल्स बताते हैं कि एक जनसमूह की खुशी पूरे शहर में फैली रहती थी।

बाजारों में त्योहार की छटा साफ दिखती थी। दिसंबर की सर्द हवा में बाजारों में रंग बिरंगे मेहराब, बैनर और कई देशों के झंडे लहराते दिखते थे। तुरही, शहनाई बजती थी, पटाखे फूटते थे और चर्च का घंटा बजता था। अकबर ने पादरी को शहर में एक भव्य चर्च बनाने की अनुमति दी थी जिसमें कई भारी घंटे लगे थे और उसमें से एक अकबर के बेटे जहांगीर के शासनकाल में गिर गया। कोतवाली शहर में इसको एक हाथी भी नहीं ले जा सकता था। यह घंटा जहांगीर के भतीजे के लिए हुए एक भव्य कार्यक्रम के दौरान टूट गया। कहा जाता है कि उस समय चर्च का कर्मचारी खुशी से पागल हो गया था और घंटे को तब तक बजाता रहा जब तक वह टूटकर गिर नहीं गया। सौभाग्य से इस दौरान कोई घायल नहीं हुआ और कर्मचारी की नौकरी भी नहीं गई। अकबर और जहांगीर इस त्योहार को मनाते थे और आगरा के किले में पारंपरिक भोज मे भाग लेते थे।

क्रिसमस की सुबह अकबर अपने दरबारियों के साथ चर्च आते थे और प्रतीकात्मक रूप से ईसा मसीह के जन्म को दिखाने के लिए बनाई गई गुफा को देखते थे। शाम में हरम की महिलाएं और युवा राजकुमारी लाहौर में चर्च का दौरा करती थीं और मोमबत्तियां पेश करती थीं। अकबर जब हर क्रिसमस पर आगरा के चर्च में आते थे तो उनका स्वागत एक बिशप की तरह होता था, घंटियां बजाई जाती थीं और भजन गाए जाते थे। जो यूरोपवासी मैदान में एक-दूसरे के खिलाफ साजिशें करते थे और लड़ते थे वो सब कुछ भूलकर इस त्योहार में भाग लेते थे। आगरा और शायद उत्तर भारत उनके लिए क्रिसमस पर खेले जाना वाला खेल लेकर आया। क्रिसमस की रात वह आमतौर से छोटे बच्चे और बच्चियों को परियों के परिधान पहनाकर ईसा मसीह के जन्म का नाटक खेला करते थे। अकबर और जहांगीर के समय नाटक को बेहतर तरीके से आयोजित किया जाता था। नाटक के दौरान शांति बनाए रखने के लिए शाही फौज आती थी क्योंकि बिन बुलाई जनता के कारण प्रदर्शन टूटने का खतरा रहता था। नाटक की रिहर्सल बाजार के इलाके में होती थी जिसे अब फुलट्टी के नाम से जाना जाता है। वहां ब्रिटिश मुख्यालय हुआ करता था।

1632 के बाद नाटक बंद कर दिया गया क्योंकि शाहजहां का पुर्तगालियों से मतभेद हो गया था। हुगली बंदरगाह बंद करने के बाद आगरा में चर्च को तोड़ दिया गया और इसाईयों द्वारा सार्वजनिक प्रार्थना पर पाबंदी लगा दी गई। उस समय सैकड़ों पुर्तगाली कैदी आगरा में थे जो बंगाल से लाए गए थे। लेकिन 1640 में जब मुगलों और पुर्तगालियों के बीच रिश्ते ठीक हुए तो उन्हें आगरा में फिर से चर्च बनाने की अनुमति दी गई। चर्च अभी भी मौजूद है लेकिन मुगल शासक मोहम्मद शाह रंगीला के समय तक नाटक नहीं खेला जाता था। रंगीला ने आगरा और दिल्ली में अकबर के समय से रह रहे फ्रांस के बर्बनों और डच लोगों की सहायता की थी। लेकिन कुछ कथित अपमान के बाद बर्बनों ने दिल्ली छोड़ दी और वह भोपाल में बस गए। इसके बाद शाह आलम, अकबर शाह सैनी और बहादुर शाह जफर ने ईस्ट इंडिया कंपनी के अंग्रेज अधिकारियों के साथ मिलकर क्रिसमस मनाया। हालांकि, 1940 के अंत तक वो नाटक नहीं खेला जाता था। 1958 में आगरा के पहले भारतीय आर्कबिशप डॉक्टर डॉमिनिक आर्थाइड ने इसे पुनर्जीवित किया। जो अभी अनुपस्थित हैं वे महान मुगल थे, हालांकि आध्यात्मिक रूप से उनकी मौजूदगी महसूस की जा सकती है। आगरा और चर्च ने उनसे काफी कुछ लिया है।

वैसे आगरा और दिल्ली के बड़े पादरियों के आदेश में उत्साह के साथ क्रिसमस का जश्न मनाने की बात है लेकिन नाटक खेलने की परंपरा को जारी रखने पर ध्यान नहीं दिया गया है। और यह दुख की बात है।

-http://www.bbc.com/hindi/india-42473625?ocid=socialflow_facebook

***

जाति और झगड़ा

भीमा कोरेगाँव की अप्रिय घटना 1 जनवरी 2018 को होती है और उसकी प्रतिक्रिया न केवल महाराष्ट्र के कई जिलों तक होती है बल्कि राष्ट्रीय राजनीति को भी झकझोर कर रख देती है । जब कभी ऐसी घटनाएं होती है तो क्या राजनैतिक लोग, मीडिया या बुद्धिजीवी सभी अपनी व्याख्या, राय, समाधान देने लग जाते हैं। कुछ दिनों के बाद जब ऐसी घटना की पुनरावृत्ति होती है तो फिर वही मंथन होता है। राजनैतिक पार्टियाँ एक दूसरे के ऊपर दोषारोपण करके बच कर निकलने की कोशिश में रहती हैं। शायद ही प्रयास किया जाता हो कि जाति यक्ष प्रश्न को गंभीरता से संबोधित किया जाये। जाति मिटाने की कोई बात करता नही और चाहते हैं कि इसका प्रभाव भी न हो। इससे बड़ा द्वंद भारत में कुछ हो ही नही सकता। हम दुःख या बीमारी को माने ही न, तो इलाज कहाँ से संभव है और यही जाति के बारे में सच्चाई है।

1 जनवरी 1818 को अंग्रेज और पेशवा के बीच कोरेगाँव में युद्ध होता है, लगभग 500 दलित, ईस्ट इंडिया कंपनी के कप्तान फ्रांसिस स्टांटन के नेतृत्व में लगभग 28 हजार पेशवा की सेना से मुकाबला करते हैं और पेशवा को पीछे हटना पड़ता है। इस लड़ाई का जिक्र जेम्स ग्रांट डफ की किताब (अ हिस्ट्री ऑफ दा मराठास) में मिलता है। इतिहासकारों का मानना है कि जाति उत्पीडन की वजह से महार ब्रिटिश फौज का साथ दिये। प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में दलित यहाँ इकट्ठा होकर अपना शौर्य दिवस मनाते हैं। सवाल यह पैदा होता है कि इनके पूर्वज अंग्रेजों की तरफ से लड़े फिर भी गर्व की बात है। उस समय पेशवा की रियासत में दलितों को कमर में झाड़ू बाँध करके चलना पड़ता था, ताकि उनके पाँव के निशान सड़क पर न रह जाये जिससे सवर्ण अपवित्र हो जाते। गले में हंडिया बाँध करके चलना पड़ता था ताकि थूके तो बाहर न गिरे। इनकी परछाई से भी सवर्ण अपवित्र हो जाते थे। अगर महार दलित अंग्रेज की तरफ से लड़े तो गलती हमारी जाति व्यवस्था की थी। इतना महा अत्याचार कि मल दृमूत्र को साफ करने के लिए हाथ का इस्तेमाल कर लेते थे तो क्या उससे भी ज्यादा स्थिति दलितों की खराब थी। सेना में भर्ती होना एक अवसर भी था जो कि सवर्ण उन परिस्थितियों में कभी न देते। भारत के लोग जातियों में बटें थे इसीलिए सिकंदर के बाद से लेकर जितने हमलावर आये उनको साथ मिलता गया और वे जीतते गए। अंग्रेज हम पर शासन किये उसके लिए प्रमुख रूप से हमारी सामाजिक व्यवस्था जिम्मेदार रही है। अंग्रेजों ने दो निर्णायक युद्ध लड़े एक कोरेगाँव का तो दूसरा क्लायु के नेतृत्व में 1757 में प्लासी का, वहां भी दुसाध, जो अछूत थे उनके सहयोग से अंग्रेज जीते। डॉ. अम्बेडकर कोरेगाँव युद्ध स्मारक की 109 वीं वर्षगांठ में गये थे जिससे इसका महत्त्व और बढ़ गया।

आज जब लाखों की संख्या में दलित हर साल इकट्ठा होते हैं तो उनके पीछे कौन सी सोंच है जो लोगों को प्रेरित करती है वहां आने को। हजारों लोगों को इकट्ठा करना मुश्किल हो जाता है लेकिन यहाँ पर आसानी से लाखों एकत्रित हो जाते हैं। मनोवैज्ञानिक आधार इसके पीछे कहीं ज्यादा है क्योंकि इसके द्वारा दलित आज भी यह एहसास करता है कि भले सवर्णों ने मल-मूत्र से बदतर उन्हें समझा हो लेकिन यह ज्यादती थी और बदले की भावना से शौर्य दिवस मनाते हैं। अगर बदले की भावना न कहा जाये तो यह कह सकते हैं कि अवसर मिलने पर दलित पीछे नहीं हैं। बबूल है तो उसका काँटा भी साथ होगा ही। जाति है तो भेद भाव अन्तर्निहित रहेगा ही। इंसान मशीन नहीं है कि विभिन्न परिस्थितियों में उसका व्यवहार बदल जाये। घर में रहे तो व्यवहार कुछ और, बाहर कुछ और एवं राजनीति में भिन्न, ऐसा एक मुर्ख या चालाक या स्वार्थी ही सोंच सकता है। जाति खाने-पीने, सोने-जागने, शादी-विवाह, जनम-मरण, लेन-देन, संकट, और सुख-दुःख में काम आती है तो सोंच क्या उससे हट करके निर्मित होगी। जाति समाज में है तो राजनीति, व्यापार, नौकरशाही और विभिन्न संस्थाओं में तो जाएगी ही। सच तो यह है कि इससे बड़ा कोई मुद्दा देश का हो ही नहीं सकता। विकास और मूल भूत सुविधाओं से भी कहीं बड़ा मुद्दा यह है। जब जाति का प्रश्न हल हो जायेगा तो ये समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएँगी। जनतंत्र सबसे अच्छी शासन प्रणाली है लेकिन हमने इस प्रश्न को कभी संबोधित नही किया। न तो राजनैतिक पार्टियों ने और न ही सरकार ने इसका उन्मूलन करने का सोंचा। बुद्धजीवियों के दिवालियापन को क्या कहना। इनको देख कर के लगता है कि बुद्धजीवी की परिभाषा बदल दी जानी चाहिए क्यों कि जब ये कलम उठाते है तो राजनीति का जातिवाद तो दिखता है और जो डाली और पत्ता है लेकिन जड़ नहीं दिखती है जो समाज है। किसी भी पार्टी के एजेंडे में इस समस्या के समाधान की बात ही नहीं तो कैसे बड़ा बदलाव होगा। बौद्धिक ईमानदारी ही नही है तो समाधान कैसे होने वाला है। पहले हम माने कि जाति व्यवस्था खराब है तभी तो हल करेंगे। इनकी बुद्धि पर तरस आती है जब ये हिन्दू समाज की एकता भी चाहते हैं और जाति भी बनाये रखना।

***

आरक्षण बचाओ रैली में सविता कदियान पंवार के नेतृत्व में

महिला प्रकोष्ठ का परचम लहराया

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के तत्वावधान में आरक्षण बचाओ रैली का आयोजन 26 दिसंबर 2017 को दिल्ली के रामलीला मैदान मे परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय डॉ. उदित जी के नेतृत्व में हुआ, जिसमें पूरे देश के विभिन्न राज्यों के लोगों की भागीदारी रही ।

यह रैली एक ऐतिहासिक रैली साबित हुई क्योंकि इस बार की रैली में पहली बार महिलाओं की जबरदस्त भागीदारी परिसंघ महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती सविता कदियान पंवार के नेतृत्व में रही। इस बार की रैली में दिल्ली सहित पूरे देश से महिलाओं का जन सैलाब उमड़ा था। जिसमें झारखंड प्रदेश से श्रीमती ऊषा मधुसूदन, उर्मिला कच्छप, संगीता जी, महाराष्ट्र से श्रीमती ममता गेडाम, विश्राम तायडे, बिहार से ममता जी, यूपी से श्रीमती रुचि वर्मा, नितिन बौद्ध, अनुसया, फूलमती, राजकुमारी, हरियाणा प्रदेश से संगीता केन, सावित्री जी, तमिलनाडु प्रदेश से महालक्ष्मी जी आदि के साथ विभिन्न प्रदेशों से हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। दिल्ली प्रदेश की कमान श्रीमती सुनीता केम जी ने बखूबी संभाली और पूरी दिल्ली के सभी जिलों से भी महिलाएं रैली मे शामिल हुई जिसमें श्रीमती रिंकी सागर, सुनीता गोला (स्वरूप नगर) पुष्पा कोली, आशा वर्मा, रेणु सैनी (किराड़ी), सुजाता प्रकाश (बवाना), रेखा (शुकुरपुर), रामा (आनंद पर्वत), कमलेश डांगी (खेड़ाखुर्द), सुनीता रेविलिया (करोल बाग), ललिता (शाहदरा), मोनिका सूर्यवंशी (करावल नगर), रीटा सरकार, बबीता किलसन आदि। बाबा साहब अम्बेडकर ने महिलाओं को संविधान में बराबरी का अधिकार दिया उसी बराबरी का अधिकार इस रैली में पहली बार दिखा और आज राष्ट्रीय संयोजक सविता कदियान पंवार जी के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ पूरे देश मे तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में महिला प्रकोष्ठ एक बड़े स्तर पर पूरे देश में ऐतिहासिक मुकाम तय करेगा।

